कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 28/04/2025

# // रिपोर्ट //

## ''ड्रग्स के विरूद्ध जंग'' गर्ल्स कॉलेज छात्राओं की अनुठी पहल

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एंटी ड्रग कमेटी के तत्वाधान में छात्राओं द्वारा नशामुक्त समाज में युवाओं की भूमिका के अन्तर्गत सामाजिक जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे - निबन्ध, स्लोगन, पोस्टर एवं रैली द्वारा ड्रग्स विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मागदर्शन ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध वितरण और उपयोग को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के अन्तर्गत छात्राओं ने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से लगातार मादक पदार्थों के विरूद्ध अभियान से नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दे रही है। समय-समय पर छात्राओं को विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं सलाह प्रदान की जाती है तथा उन्होनें बताया कि हमारा महाविद्यालय मादक पदार्थ मुक्त परिसर है साथ ही महाविद्यालय के आस-पास स्थित दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि ''ड्रग्स के विरुद्ध जंग'' को सफल माना जाता है, तो इससे अवैध ड्रग्स की खपत और इससे जुड़े अपराध कम हो सकते हैं। ड्रग्स के विरुद्ध जंग एक जटिल मुद्दा है, जिसमें कई तरह के दृष्टिकोण और प्रभाव शामिल हैं। इसे केवल कानून प्रवर्तन के माध्यम से हल करने के बजाय, पुनर्वास, इलाज और समुदाय के स्तर पर हस्तक्षेप के साथ-साथ अन्य उपायों की आवश्यकता हो सकती है।

स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. दीपिका मिर्चे, द्वितीय स्थान पर कु. काजल खेलवार तथा कु. जागेश्वरी तृतीय स्थान पर थी। निबंध प्रतियोगिता में कु. लिलेश्वरी साहू प्रथम स्थान, कु. किरण निषाद द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर मोनिका निर्मलकर थी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कु. जैनाब निजामी, द्वितीय स्थान कु. चुनिका चन्द्राकर एवं तृतीय स्थान पर कु. श्रद्धा डहरिया थी।

इसी के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालयीन पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में कु. रिया बारले एवं कु. लिलेश्वरी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

एंटी ड्रग समिति के सदस्य डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. विजय वासनिक, डॉ. अनुजा चौहान एवं श्री गणेश राम नायक, डॉ. संध्या सिंह, डॉ. चाँदनी अफसाना, डॉ. तोशिना तेलंग, कु. प्रीति चन्द्राकर, डॉ. मोनिका देवांगन, डॉ. खेमराज चन्द्राकर, डॉ. दीक्षा जोशी, कु. निर्वेर साहू, डॉ. सीमा कालरा, कु. सृष्टि मन्ना कु. तृप्ति खरे, डॉ. वैभवशंकर सोनी, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. अनामिका वस्त्रकार, श्री दीपक ठाकुर, कु. तबस्सुम के दिशा-निर्देश में छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास को मादक पदार्थ मुक्त किया जा रहा है।

**टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' PG College, Durg (C.G.)
YOUTH RED CROSS
WORK FOR A HEALTHY WORLD


SAY NO TO DRUGS
Quit Smoking
Quit Tobacco



